दिनांक 06/10/2018 **को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एविएशन इंडस्ट्री में नौकरी के सुअवसर पर 'कैरियर काउन्सलिंग' सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में श्री आलोक कुमार (कॉरपोरेट ट्रेनर और आइ० ए० एस० कोच) व सुश्री हिना नागपाल (सेंटर डायरेक्टर, फ्लेज इंस्टिट्यूट ऑफ़ एविएशन एन्ड हॉस्पिटैलिटी) उपस्थित रहे। श्री आलोक कुमार ने अपने व्याख्यान में एविएशन इंडस्ट्री के तथ्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने बताया कि आजकल एविएशन सेक्टर में नौकरी के बेहतरीन मौके उपलब्ध हैं I उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स मजबूत करने का भी अभ्यास करवाया I विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए रोल प्लेइंग गतिविधियों को भी कराया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। हिना नागपाल ने बच्चों को एविएशन सेक्टर की जानकारी देते हुए बताया कि फ्लेज इंस्टिट्यूट कैसे बच्चों को कई कोर्सेस द्वारा एविएशन सेक्टर के लिए तैयार करती है जिससे वे इस सेक्टर में एंट्री ले सकें। यह सेमिनार प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल व उनकी सहयोगी डॉ० आशिमा चावला के सहयोग से संपन्न हुआ। महाविद्यालय के बी० बी० ए० एवं बी० बी० ए० (कैम) के छात्र-छात्राओं ने पूर्ण जोश व उत्साह के साथ भाग लिया व अपनी सहयोगिता दी I**